झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्र निर्माण सेना

16 Sep 2023

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

**Website :** www.rnsacademy.in
**Email :** academyrns@gmail.com

Daily Current Affairs Booster

Contact : 8084818282, 9113365645

# Daily Current Affairs

Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 16 सितंबर का इतिहास

- **2009 :** दुनिया भर के समक्ष भारत के एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने वाले अतुल्य भारत विज्ञान अभियान को ब्रिटिश पुरस्कार मिला।
- **1908 :** जनरल मोटर्स निगम की स्थापना की गई।
- **2008 :** भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के कर्मचारियों को विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **2003 :** भूटान ने भारतीय हितों के खिलाफ अपनी जमीन के इस्तेमाल नही होने देने का आश्वासन दिया।

## 16 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- पर्यटन मंत्रालय द्वारा भविष्य के लिए पर्यटन पर एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता शुरू की गई। इसे जी20 गोवा रोडमैप की पांच प्राथमिकताओं के अनुरूप सर्वोत्तम प्रथाओं और केस स्टडीज की पहचान करने के लिए लॉन्च किया गया हैं। 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस पर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान अपनाई गई नई दिल्ली नेताओं की घोषणा ने सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के साधन के रूप में पर्यटन के लिए गोवा रोडमैप के महत्व को रेखांकित किया हैं।
- विजयवाड़ा रेलवे स्टेशन को पर्यावरण मानकों में सुधार और यात्रियों को पर्यावरण के अनुकूल सेवाएं प्रदान करने के प्रयासों के लिए भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल द्वारा प्लैटिनम की उच्चतम रेटिंग के साथ ग्रीन रेलवे स्टेशन सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। यह 2019 में सोने से 2023 में प्लैटिनम तक स्टेशन की रेटिंग का उन्नयन हैं।
- दूरसंचार विभाग द्वारा इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को मान्यता देने की एक योजना शुरू की गई। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में फाइबर टू द होम ब्रॉडबैंड कनेक्शन के विस्तार में उनके असाधारण प्रयासों के लिए शुरू की गई हैं। यह योजना ग्रामीण भारत में डिजिटल समावेशन और सामाजिक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इस योजना के तहत दूरसंचार विभाग ने श्रेणी ए, बी और सी में प्रत्येक के लिए तीन-तीन, कुल नौ आईएसपी को मान्यता देने का निर्णय लिया हैं, जिन्होंने एक वर्ष में ग्रामीण एफटीटीएच कनेक्शनों की अधिकतम संख्या में शुद्ध योग प्रदान किए हैं।
- किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का उद्धघाटन नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार, कार्यक्रम में दुनिया भर के 59 देशों के प्रख्यात वैज्ञानिक, किसान और विशेषज्ञ हिस्सा लिए। उन्होंने खाद्य और कृषि के लिए पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि के अनुच्छेद 9 में निहित किसानों के अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।
- उत्तर कोरिया ने नई सामरिक परमाणु हमला पनडुब्बी लॉन्च की।
- भारतीय नौसेना ओर उबर के बीच एक समझौता हुआ हैं। इससे न केवल नौसेना के कर्मचारी बल्कि उनके परिवार और अतिरिक्त सदस्य भी लाभान्वित होंगे। भारतीय नौसेना परिवर्तन के युग की और खुद को आगे बढ़ाने का पुरजोर प्रयास कर रही है, ताकि वह अपनी परिचालन प्रक्रियाओं और क्षमताओं को नया आकार दे सके। यह समझौता सीएनएस के शिप फर्स्ट के तहत हैप्पी पर्सनेल के दृष्टिकोण के अनुरूप बताया जा रहा है जो कि सशस्त्र बलों में इस प्रकार की पहली कोशिश हैं। यह परिवर्तनकारी बदलाव के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाने की भारत सरकार के डिजिटल इंडिया विजन को आगे बढ़ाने का काम करेगा।
- वैज्ञानिकों ने सोने और तांबे के सल्फाइड के हाइब्रिड नैनोकण बनाए हैं, जो गर्मी का उपयोग करके कैंसर कोशिकाओं को मार सकते हैं। यह ध्वनि तरंगों का उपयोग करके कैंसर कोशिकाओं का भी पता लगा सकता हैं। इससे पहले, कॉपर सल्फाइड नैनोकणों ने कैंसर निदान में उनके अनुप्रयोग के लिए ध्यान आकर्षित किया हैं। कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करने के लिए सोने के नैनोकणों को रासायनिक रूप से संशोधित किया जा सकता हैं।
- भारत और सऊदी अरब ने ऊर्जा, डिजिटलीकरण और निवेश के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पीएम मोदी ने कहा कि क्राउन प्रिंस के नेतृत्व में सऊदी अरब ने जबरदस्त आर्थिक विकास देखा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता की।
- केरल स्वास्थ्य विभाग ने निपाह वायरस के संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य चेतावनी जारी की। यह चेतावनी राज्य के कोझिकोड जिले में NVI से दो मौतों के होने के संदेह के बाद जारी की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थिति का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक भी की। दक्षिण भारत में प्रारंभिक निपाह वायरस का प्रकोप पहली बार 2018 में कोझिकोड में पहचाना गया था।
- जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सुरम्य कुपवाड़ा जिले में बहुप्रतीक्षित बंगस वैली महोत्सव का उद्धघाटन किया। महोत्सव का प्राथमिक उद्देश्य बंगस घाटी के भीतर अप्रयुक्त ग्रामीण और साहसिक पर्यटन के अवसरों पर प्रकाश डालना हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 सितंबर (B) 16 सितंबर
(C) 17 सितंबर (D) 18 सितंबर

**(B)** ओजोन परत के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस/विश्व ओजोन दिवस प्रतिवर्ष 16 सितंबर को ओजोन परत के क्षरण के बारे में जागरूकता फैलाने और इसे संरक्षित करने के लिए समाधान खोजने के लिए मनाया जाता हैं। ओजोन परत गैस की एक नाजुक ढाल, पृथ्वी को सूर्य की किरणों के हानिकारक हिस्से से बचाती है, इस प्रकार इस पर जीवन को संरक्षित करने में मदद करती है।




**2. हाल ही में सेवा पखवाड़ा के दौरान 'आयुष्मान भव' अभियान कब शुरू किया जाएगा?**

(A) 14 सितंबर (B) 15 सितंबर
(C) 16 सितंबर (D) 17 सितंबर

**(D)** सेवा पखवाड़ा के दौरान आयुष्मान भवन अभियान 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू किया जाएगा। यह प्रत्येक इच्छित लाभार्थी तक स्वास्थ्य योजनाओं की इष्टतम डिलीवरी सुनिश्चित करने का एक अभियान हैं। यह एक व्यापक अभियान है जिसमें आयुष्मान आपके द्वार 3.0 आयुष्मान कार्ड बनाना और वितरित करना हैं।



**3. हाल ही में किस बैंक ने अपने 6000 से अधिक एटीएम पर यूपीआई एटीएम सुविधा सक्षम की ?**

(A) BOB (B) PNB
(C) SBI (D) RBI

**(A)** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने 6000 से अधिक एटीएम पर यूपीआई एटीएम सुविधा सक्षम की हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के समन्वय से यह सुविधा शुरू करने वाला बैंक ऑफ बड़ौदा देश का पहला सहकारी बैंक बन गया हैं। इस सुविधा के बाद ग्राहक अब बिना डेबिट कार्ड के यूपीआई के माध्यम में एटीएम से कैशल निकाल पाएंगे।




**4. हाल ही में वनडे में सबसे तेज 13,000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ी कौन बन गए हैं ?**

(A) शिखर धवन (B) कुमार संगकारा
(C) विराट कोहली (D) रोहित शर्मा

**(C)** विराट कोहली ने वनडे में सबसे तेज 13000 रन बनाए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। एशिया कप 2023 में भारत ओर पाकिस्तान के बीच कोलंबो में हुए मैच में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। विराट कोहली ने सिर्फ 277 पारियों में 13000 रन बनाए। उन्होंने 84 गेंदों में अपना 47वां वनडे शतक भी लगाया।




**5. हाल ही में ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में भारत का प्रतिधित्व कौन करेंगे ?**

(A) सर्बानंद सोनोवाल (B) नरेंद्र मोदी
(C) अमित शाह (D) राजनाथ सिंह

**(A)** हाल ही में श्री सोनोवाल पूर्वी आर्थिक मंच पर भारत-रूस व्यापार वार्ता को संबोधित करेंगे, जहां वह भारत व रूस के बीच विशिष्ट और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में स्थिरता को बढ़ावा देने में व्यापार, वाणिज्य और व्यापार की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करेंगे।



7. **हाल ही में भारत ओर किस देश ने इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग ब्रिज का शुभारंभ किया है ?**

(A) यूनाइटेड किंगडम (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) भूटान (D) जापान

**(A)** भारत और यूनाइटेड किंगडम ने संयुक्त रूप से 12वीं आर्थिक ओर वितीय वार्ता के दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग ब्रिज के शुभारंभ की घोषणा की हैं। यह सहयोगात्मक पहल भारत में पर्याप्त बुनियादी ढांचे के निवेश के अवसरों को खोलने के लिए मिलकर काम करने के लिए दोनों देशों के निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।




7. **हाल ही में यूएस ओपन पुरूष एकल खिताब किसने जीता है ?**

(A) राफेल नडाल (B) नोवाक जोकोविच
(C) डेनियल मेदवेदेव (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन 2023 में पुरूष एकल का खिताब जीत लिया हैं। जोकोविच का यह 24वां ग्रैंड स्लैम टाइटल रहा, इस जीत के साथ ही जोकोविच ओपन ऐरा में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। 36 साल के जोकोविच ने अमेरिका की सेरेना विलियम्स को पछाड़ दिया।



8. **हाल ही में किस राज्य की कैबिनेट ने मॉब लिंचिंग पीड़ित मुआवजा योजना को मंजूरी दी है ?**

(A) हरियाणा (B) राजस्थान
(C) उत्तर प्रदेश (D) मध्यप्रदेश

**(D)** शिवराज कैबिनेट ने मॉब लिंचिंग पीड़ित प्रतिकर योजना 2023 को मंजूरी दे दी। कैबिनेट के फैसले के मुताबिक अगर किसी की मॉब लिंचिंग में मौत हो जाती है तो उसके परिवार को 10 लाख रूपये का मुआवजा मिलेगा। इस घटना में घायल को 4 से 6 लाख रूपये देने का प्रावधान किया गया है।



9. **हाल ही में किसे डॉ. AM गोखले पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ?**

(A) अजीत गर्ग (B) प्रियांक सेन
(C) संजय मिश्रा (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** भारतीय सेना के अनुसंधान ओर रेफरल अस्पताल के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ ब्रिगेडियर संयज कुमार मिश्रा को पुणे में प्रतिष्ठित डॉ एएम गोखले पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें पुणे में रेटिना कॉन्क्लेव में प्रदान किया गया। डॉ एएम गोखले नेत्र विज्ञान के एक प्रसिद्ध शिक्षक थे और उनके छात्र आगे चलकर देश में नेत्र विज्ञान के पुरोधा बने।



10. **हाल ही में किस देश ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए नई वीजा नीति का अनावरण किया है ?**

(A) पाकिस्तान (B) बांग्लादेश
(C) इंडोनेशिया (D) भूटान

**(A)** अपनी चरमराती अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पाकिस्तान ने वीजा पॉलिसी में बदलाव किया है। उन्होंने नई वीजा पॉलिसी पेश की। जिसका उद्देश्य विदेशी निवेशकों और यात्रियों को प्रभावित करना हैं। पूर्ववर्ती शहबाज शरीफ सरकार ने विशेष निवेश सुविधा परिषद की बैठक में ये फैसला लिया।

